# दतिया में अब विलुप्त होने की कगार पर हैं तालाब

**रमाकांत मिश्रा**

**दतिया 5 मई।** दतिया में अंतिम सांसे गिन रहें हैं तालाब जो विलुप्त होने की कगार पर हैं। एक समय था जब दतिया नगर को तालाबों की नगरी कहा जाता था और संपूर्ण नगर की प्यास बुझाने का कार्य यही तालाब करते थे। दतिया नगर चारों तरफ से तालाबों से घिरा हुआ था। यही तालाब दतिया नगर की सुंदरता में चार चांद लगाते थे। परंतु समय का पहिया ऐसा घूमा कि आज यह तालाब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। तालाबों पर जलकुंभी ने अपना कब्जा जमा लिया है जिससे यह तालाब अब विलुप्त होने की कगार पर हैं।





**यह हैं दतिया नगर के मुख्य तालाब जो हैं दुर्दशा का शिकार** : दतिया नगर के मुख्य तालाब जो देख रेख के अभाव में दम तोड़ रहें हैं और विलुप्त होने के कगार पर हैं, उनमें सीता सागर तालाब, लाला का तालाब, तरण तारण, करन सागर, राधा सागर, लक्ष्मण तालाब, राम सागर आदि शामिल हैं। यदि अभी भी समय रहते इन तालाबों की देखरेख और संरक्षण कर लिया जाए तो यह फ़िर से अपने पुराने स्वरूप में लौट सकते हैं। इसके लिए प्रशासन, नगर पालिका परिषद दतिया, समाज सेवी संस्थाओ, दतिया नगर के वरिष्ठजनों के सहयोग से ही यह तालाब अपने पुराने स्वरूप में लौट सकते हैं।

**पूर्व में अनेक बार तालाबों को गंदगी से मुक्त करने चलाए गए अभियान:** पूर्व में नवभारत समाचार पत्र ने ग्वालियर की सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से इन तालाबों को गंदगीमुक्त करने के लिए अभियान चलाए थें जिसमें काफ़ी तक सफ़लता भी मिलीं थी। यदि समय रहते प्रशासन और नगर पालिका परिषद दतिया ने इन तालाबों के लिए कुछ नहीं किया गया तो बहुत जल्द ही यह विलुप्त हों जाएंगे और फ़िर हम सब कहेंगे कि दतिया कभी तालाबों की नगरी हुआ करती थी।

**पूर्व गृहमंत्री डॉ . मिश्रा ने तालाबों के कायाकल्प के लिए प्रयास किए**

पूर्व गृहमंत्री डॉ .नरोत्तम मिश्रा ने तालाबों के विकास के लिए अनेक प्रकार के प्रयास किए परंतु देखरेख के अभाव में तालाब दुर्दशा के शिकार हो गए। चारों तरफ़ से गंदगी और अतिक्रमण होने से तालाब अपना अस्तित्व खोते जा रहें हैं और पोखर से नज़र आने लगे हैं।

# गहोई समाज के नेता भाजपा में शामिल

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 5 मई।** दतिया में भारतीय जनता पार्टी को एक बड़ी सफ्लता मिली है। तीन दिन में लगभग सौ से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं कल डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को माला पहनकर भाजपा में शामिल किया था तो आज तकरीबन 25 कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की उपस्थिति में गहोई समाज के वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया।भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा ने नए कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर गहोई समाज के वरिष्ठ नेताओं को भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी नें पुष्पमाला पहनाकर और पार्टी की पट्टिका पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।



पूर्व दतिया नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डी पी सिजारिया नें अपने विचार रखते हुए कहा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गहोई समाज का शोषण किया है, कई समाज के युवाओं को और वरिष्ठों को राजनीति में आगे नहीं बढ़ने दिया जबकि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने गहोई समाज के युवाओं को और वरिष्टों को हमेशा सम्मान दिया और पार्टी के कई पदों पर रखकर उनका मान बढ़ाया है। भारतीय जनता पार्टी सभी को साथ में लेकर चलने वाली पार्टी है और कांग्रेस पार्टी दतिया में कुछ गिने-चुने लोगों की पार्टी बची है। आज शहर के प्रमुख व्यापारियों में से. पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डी पी सिजरिया, श्रीमोहन सुहाने 3. श्री चंदू साहू गल्ला मंडी व्यापारी, बल्लन गुप्ता, द्वारका साहू ,पप्पू सिजरिया पुन: शामिल होकर च्च्घर वापसीज्ज की। 'कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास रखते हैं, इसलिए पुन: जुड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे आगे संगठन को मजबूत एवं विकास पुरुष डॉ नरोत्तम मिश्रा जी के सानिध्य में जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# विधायक ने अधिवक्ता को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 5 मई।** तहसील कार्यालय इंदरगढ़ पहुंचे विधायक प्रदीप अग्रवाल ने अनशन पर बैठे अधिवक्ता राहुल राजोरिया को जूस पिलाकर उनका आनशन समाप्त कराया और मौके पर उपस्थित नगर परिषद इंजीनियर नंदकिशोर गोस्वामी को विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख की राशि से तहसील परिसर में पेपर ब्लॉक ब टीन सेट निर्माण तीन दिवस में शुरू करने के निर्देश दिए, और वकीलों के चेंबर में पंखे लगाने का भी आश्वासन दिया इस मौके पर तहसीलदार दीपक यादव नायक तहसीलदार मनोज दिवाकर पार्षद रवि चौरसिया सत्यवीर जाट चप्पू पठान कमल कुशवाह विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र श्रीवास्तव पवन पाठक उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने सुनी 130 से अधिक आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 5 मई।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 130 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

जन सुनवाई के दौरान लक्ष्मी ने आवेदन दिया कि ग्राम कल्याणपुरा खुर्द तहसील दतिया में आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर प्रार्थिया का नाम अन्तिम सूची में प्रथम स्थान पर आने उपरांत द्वितीय स्थान पर आने वाली रूकमणी की नियुक्ति किये जाने से उसकी निष्पक्ष जांच कराये जाने एवं प्रार्थिया की नियुक्ति कराये जाने संबंधी आवेदन दिया। कलेक्टर ने आवेदन पत्र पर कार्यवाही करते हुए निराकण हेतु डीपीओ दयिता को सैंपा। भगवत लोधी पुत्र किशनलाल लोधी हाल निवासी खलकापुरा दतिया ने आवेदन दिया कि मां पीताम्बरा उत्तर द्वार पर पदस्थ गार्ड राजेन्द्र कुशवाह के द्वारा प्रार्थी को मंदिर में प्रवेश नही करने दिया जाता मंदिर में प्रवेश करने से रोका जाता है।




इसी प्रकार रास्ता अवरूद्ध करने, नाली के पानी की निकासी, वृद्धवस्था पेंशन, सीमांकन, नामांतरण, बटवारा, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, सड़क निर्माण, साफ-सफई व्यवस्था, खाद्यान वितरण, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके निराकरण हेतु कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए तथा कुछ आवेदकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया।

# ग्रहस्थ संत थे रामभक्त पंडित बृजेंद्र भूषण : त्यागी महाराज

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 5 मई।** पं शर्मा का पूरा जीवन भगवान श्री राम के चरणों की आराधना करने में बीता है। वास्तव में वह एक तरह से ग्रहस्थ संत थे। जिस तरह से उन्होंने अपना जीवन जिया इस तरह से तो संत महात्मा ही अपना जीवन जीते हैं। उक्त बात सुप्रसिद्ध मानस मनीषी और श्री राम भक्त पंडित

**मानस मर्मज्ञ स्व. पं. बृजेन्द्र भूषण शर्मा स्मृति समारोह में कहा**

बृजभूषण शर्मा की 11वीं पुण्यतिथि मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 108 श्री त्यागी महाराज ने कही। अध्यक्षता हनुमान जी महाराज ने की, वहीं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम का पूजन अर्चन कर किया। अतिथियों का स्वागत आयोजक जगत शर्मा, भानु शर्मा, आदित्य शर्मा ने किया।

कार्यक्रम के दौरान 'वर्तमान सामाजिक समरसता के परिपेक्ष में श्री राम की प्रासंगिकता' पर विशिष्ट विद्वानों द्वारा अपने विचार रखे गए, जिसमें पंडित याज्ञवल्क्य शास्त्री, पंडित अनूप गोस्वामी मयूर, बीके दुबे, डॉ अरविंद श्रीवास्तव असीम, पंडित राजेश लिटोरिया 'प्रकाश' आदि ने अपने विचार रखें। भगवान श्री राम के चरित पर काव्य पाठ श्रीमती मंजू खरे, मनीराम शर्मा, कमलकांत शर्मा, पूरन चंद्र शर्मा, डॉ मयंक ढेगुला, राजगोस्वामी, हरीहर शर्मा आदि ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अमित अग्रवाल ने कहा कि पंडित बृजभूषण शर्मा जी की स्मृति में श्रीरामचरितमानस के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना एक अच्छी पहल है जो हर वर्ष उनकी स्मृति में किया जाता है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा ने अपनी बात कही। कार्यक्रम के दौरान पांच मंदिरों के पुजारी का शॉल, श्रीफ्ल, समान पत्र आदि भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित विनोद मिश्रा सुरमणि ने किया।



# वर्ष बीतने के बाद भी लोकार्पण के इंतजार में मिट्टी परीक्षण केंद्र

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 5 मई।** खेती किसानी को लाभ का धंधा बनाने एवं किसानों को मिट्टी की सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भांडेर में सरसई रोड़ पर 36 लाख की लागत से तैयार की गई मृदा परीक्षण प्रयोगशाला लोकार्पण के इंतजार में 9 वर्ष से बंद है। प्रयोगशाला का निर्माण मई 2017 में ही हो गया था, लेकिन अब तक इसे शुरू नहीं किया जा सका। इस वजह से ग्रामीणों को मृदा परीक्षण के लिए दतिया जाना पड़ता है। खेती किसानी में मिट्टी की उर्वरा शक्ति बहुत महत्वपूर्ण होती है, लेकिन लगातार रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी के तत्व बदल जाते हैं।

**भवन में पड़ने लगीं है दरारें**

किसानों को मिट्टी की उर्वरा शक्ति की सही जानकारी नहीं होती। किसानों को सही जानकारी देने के लिए मिट्टी के सैंपल की जांच की जाती है। ताकि किसान मिट्टी के रासायनिक तत्व के हिसाब से खाद का उपयोग कर सके। इसके लिए सरसई में 36 लाख की लागत से प्रयोगशाला का निर्माण किया गया था। ताकि आसपास के 41 गांव के किसान मिट्टी का परीक्षण करा सकें। प्रयोगशाला का काम मई 2017 में ही पूरा हो गया, लेकिन अब तक इसे चालू नहीं कराया गया। इससे किसानों को मिट्टी परीक्षण कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति का समय बदला

**दतिया।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े द्वारा म.प्र. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुक्रम में ग्रीष्म ऋतु में अत्याधिक गर्मी एवं हीटबेव को दृष्टिगत रखते हुए 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति हेतु समय प्रात: 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया है।

# द्वितीय बोर्ड परीक्षा में भी बरतनी होगी पूर्ण सतर्कता : वानखड़े

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 5 मई।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 07 मई से प्रारंभ होने वाली हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा की प्रारंभिक तैयारियों एवं परीक्षाओं के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश के संबध में आज मंगलवार को कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में निर्धारित कुल-12 परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित**

कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य परीक्षाओं के समान ही पूर्ण गोपनीयता, संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ उक्त परीक्षायें भी आयोजित करानी होगी। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी क्रियाशील अवस्था में संचालित होने चाहिये। केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होना चाहिये, कोई भी अनाधिकृत बाहरी व्यक्ति परीक्षा परिसर में प्रवेश न करे। परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यक्ति मोबाईल प्रयोग नहीं करेगा। विद्यार्थियों द्वारा कोई भी इलैक्ट्रॉनिक गजट/घड़ी इत्यादि का उपयोग नहीं किया जायेगा। केन्द्रों पर पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध होनी चाहिये साथ ही समस्त केन्द्रों पर प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध होनी चाहिये, एवं निकटस्थ स्वास्थ्य विभाग की टीम भी आकस्मिक परिस्थितियों हेतु तैयार रहे। निर्धारित समय के पश्चात विद्यार्थियों का केन्द्र पर प्रवेश नहीं होगा। यदि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि परीक्षा दिनांक को उपस्थित नहीं होते हैं, तो इसकी सूचना तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को दी जाए।

## छात्र-छात्राओं के लिए उपस्थिति अनिवार्य

**दतिया।** प्राचार्य शासकीय लॉ कॉलेज दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इस महाविद्यालय को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर और बार काउंसिल ऑफइंडिया, नई दिल्ली से क्रमश: संबद्धता एवं अनुमोदन मिल चुका है। वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशों के परिपालन में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय प्रशासन, नये शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं से आत्यंतिक रूप से अपेक्षा करता है कि वह बार काउंसिल ऑफइंडिया, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित 70 प्रतिशत उपस्थिति (कम से कम) परीक्षा फॉर्म भरे जाने के लिए व शासन की योजनाओं के लाभ के लिए 75 प्रतिशत (कम से कम) उपस्थिति की अनिवार्यताओं की शर्तों का पालन सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा परीक्षा फॉर्म व शासन के तमाम योजनाओं के लाभ से वंचित होंगे।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 5 मई।** बेटियों के प्रति समाज की सोच को सकारात्मक एवं संवेदनशील सशक्त एवं सुरक्षित बनाने हेतु शासन द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना बेटी बचाओ बेटी पढाओ जैसी महिला हितैषी योजनाओं तथा कानूनों का क्रियान्वयन किया गया है। उक्त बात जिले में बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं उनके उज्ज्वल भविष्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के आयोजन मुख्य् अतिथि एसडीएम लोकेन्द्र सरल ने कही।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरबिन्द उपाध्याय बडी संख्या में लाडली लक्ष्मी बालिकायें उनके अभिभावक आंगनबाडी कार्यकर्ता पर्यवेक्षक एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित लाडली बालिकाओं को आश्वा्सन प्रमाण-पत्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित इस अवसर पर उन्होंने लाडली बालिकाओं के साथ लाडली लक्ष्मी् वाटिका में 'एक पेड लाडली के नाम' थीम पर रोपित करवाया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10वी जिले की मेरिट सूची में तृतीय स्थान प्राप्त महक मिश्रा तथा विदयालय में द्वितीय स्थान प्राप्् मुस्का्न जोशी के द्वारा किया गया।



इस अवसर पर विभाग की ओर धीरसिंह कुशवाह सरंक्षण अधिकारी आईसीपीएस राजीव कुमार चौबे, काउंसलर यशदीप सिंह राजपूत, हेमन्त नामदेव, नारायण प्रजापति, घनश्यारम राजपूत एवं विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### प्रभारी समिति प्रबंधक चरबरा दांगी निलंबित

**दतिया।** प्रभारी समिति प्रबंधक समिति चरबरा योगेश दांगी द्वारा गुणवत्ताहीन गेहूं का उपार्जन कर नॉन एफएक्यू गेहूं का परिवहन किया जाकर उपार्जन नीति के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। योगेश दांगी द्वारा कृषकों से क्रय गेहूं एवं चना के बोरियों पर किसान पंजीयन कोड अंकित नहीं किये गये तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन न करने के कारण प्रशासक समिति चरबरा द्वारा श्री योगेश दांगी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। श्री दांगी के निलंबन अवधि तक समिति चरबरा के गेहूं/चना उपार्जन एवं अन्य समिति कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने हेतु समिति चरबरा का कार्यभार श्री कैलाश यादव विक्रेता समिति चरबरा के पास रहेगा तथा निलंबन अवधि में मुख्यालय समिति चरबरा पर रहेगा।

### राम जानकी मंदिर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी को उ.प्र. आगरा से किया गिरफ्तार

**दतिया।** थाना गोदन पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं सटीक कार्रवाई करते हुए आरोपी को आगरा (उ.प्र.) से गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम कमलापुरी स्थित राम जानकीजी मंदिर में 27 अप्रैल को हुई चोरी की घटना के संबंध में थाना गोदन पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर घटना में शामिल आरोपी नरेश रावत पुत्र चंदन रावत, निवासी काछीपूरा, थाना आगरा कैंट, जिला आगरा (उ.प्र.) को चिन्हित किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भांडेर में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी अभी फ्रार है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं एवं शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार किया जाए।

## सड़क बनी, पर नालियों पर नहीं डला जाल

**भांडेर।** नगर में नई सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा नालियों की सुरक्षा व्यवस्था को अनदेखा करने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। वार्ड क्रमांक 14 बजरिया मोहल्ला में ठेकेदार ने सड़क का निर्माण तो पूरा कर दिया, लेकिन सड़क किनारे बनी गहरी नालियों पर जाल नहीं डाले गए, जिससे नालियां हादसों का कारण बन रही हैं। विशेष रूप से शाम के समय और बारिश के दौरान यह खतरा और बढ़ जाता है। वार्ड नंबर 14 बजरिया मोहल्ला के स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार बच्चे और बुजुर्ग अंधेरे में या अनजाने में नाली में गिरकर घायल हो चुके हैं। हाल ही में हुई घटनाओं में दो बच्चों के घायल होने की खबर सामने आई है, जिससे वार्ड वासियों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के बाद संबंधित विभाग व ठेकेदार की जिम्मेदारी थी कि नालियों पर जाल डालकर सुरक्षा सुनिश्चित करें, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया।

# म.प्र. शिक्षक संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 5 मई।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई दतिया के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी को एक औपचारिक पत्र सौंपा । इस पत्र के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु श्परामर्शदात्री समितिश् की बैठक आयोजित करने का विशेष अनुरोध किया गया। संघ के प्रतिनिधियों ने ब्लॉक के शिक्षकों की विभिन्न विभागीय एवं स्थानीय समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। मामले की गंभीरता

**जिला परामर्शदात्री की बैठक जल्द बुलाने की मांग**

को देखते हुए, एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि परामर्शदात्री समिति की बैठक इसी माह में आयोजित की जाएगी।

ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि परामर्शदात्री बैठक के माध्यम से प्रशासन, अधिकारियों और शिक्षकों के बीच सीधा संवाद होता है, जिससे लंबे समय से रुकी हुई प्रक्रियाओं और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। एसडीम दतिया को पत्र सौंपने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सेन और तहसील सचिव भावेश वर्मा उपस्थित रहे।

## निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर 10 को

**दतिया।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत निरंकारी चेरिटेबिल फाउडेंशन शाखा दतिया द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 10 मई रविवार को प्रात:10 बजे से दोप.1बजे तक स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन भांडेरी फाटक मार्ग पर आयोजित किया जा रहा है निरंकारी मिशन शाखा दतिया के मिडिया प्रभारी विजय सचदेवा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार दतिया संत निरंकारी चेरिटेबिल फाउडेंशन के शाखा प्रमुख प्रीतम सिंह प्रजापति एवं सेवादल अधिकारी अनिल सचदेवा द्वारा दतिया के सभी जन मानस से निवेदन किया है की अधिक से अधिक संख्या मे रक्तदान कर मानव मात्र के लिए महा दान का संकल्प ले ओर निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज जी के मानव कल्याण सूत्र रक्त इंसान की नाड़ियों मे बहे, नालियों मे नहीं बहे को सार्थक करें।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 5 मई।** मध्य प्रदेश में किसानों पर हो रहे कथित अत्याचार के विरोध में प्रस्तावित नेशनल हाईवे चक्का जाम की तैयारी के संबंध में नरेन्द्र गुर्जर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव ने बताया 6 मई को समय 11 बजे दतिया जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर ब्लॉक की संयुक्त बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री महेंद्र बौद्ध के निज निवास पर आयोजित की जा रही है उक्त बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी दतिया के प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में रामलखन दंडोतिया उपस्थित रहेंगे बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा द्वारा की जाएगी एवं बैठक में दतिया विधानसभा प्रभारी दशरथ सिंह गुर्जर, सेवढ़ा विधानसभा प्रभारी योगेन्द्र तोमर भांडेर विधानसभा प्रभारी जसवंत बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।इस अवसर पर पूर्व मंत्री,विधायक,पूर्व विधायक,वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदेश पदाधिकारी एवं समस्त सम्मानित जनप्रतिनिधिगण भी आमंत्रित हैं।

# किसानों के मुद्दों पर 7 मई को चक्काजाम

## मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा प्रदर्शन

**धार, 4 मई.** जिले में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने 7 मई को मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करने का आह्वान किया है. इस दौरान कई जिलों के किसानों के जुटने की संभावना है.

कांग्रेस के अनुसार फसलों का उचित मूल्य, कर्ज माफी और समर्थन मूल्य की गारंटी जैसी मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया जाएगा. सुबह से शाम तक प्रस्तावित इस आंदोलन में धार, खरगोन और खंडवा जिलों के किसान शामिल होंगे. आंदोलन की सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर सहित पुलिस अधिकारियों की टीम ने मौके का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और बैरिकेडिंग को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. बताया गया है कि चक्काजाम से एक दिन पूर्व जिले का पुलिस बल धामनोद के खलघाट क्षेत्र में तैनात किया जाएगा. प्रदर्शन में उमंग सिंघार, जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. वही प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर आंदोलन के स्थान और व्यवस्थाओं पर चर्चा की.